जांच शुरू

भाई की तेरहवीं में आई थी महिला

# नगर पंचायत के कुएं में मिले मां-बेटे के शव

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में शनिवार सुबह नगर पंचायत के कुएं में एक महिला और तीन माह के बेटे का शव मिला है.सुबह नगर पालिका के कर्मचारियों ने कुएं में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी.जिसके बाद दोनों को बाहर निकाल कर महिला की शिनाख्त की गई.इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे, उन्होंने बताया कि महिला रात से लापता थी.पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.**



महिला अपने भाई की 13वीं में शामिल होने आई थी कुछ दिन पहले बीमारी से भाई की मौत हो गई थी,घटना का कारण अज्ञात है पुलिस इसकी जांच कर रही है.जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा थाना के झरौली गांव निवासी जयंती पति दुर्गा केवट 35 और उसके तीन माह के बेटे देवांश का शव तेंदूखेड़ा के वार्ड एक में नगर पंचायत के कुएं में शनिवार सुबह मिला है.महिला अपने ननद के यहां आई थी,सुबह करीब 7 बजे जब कर्मचारी नल सप्लाई के लिए कुएं पहुंचे तो उन्होंने शव को उतारते देखा इसके बाद पुलिस को सूचना दी.थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को बाहर निकालवाने रेस्क्यू किया.लेकिन स्थानीय केवट समाज के लोग आगे नहीं आये जबकि उन्हें इस काम में अनुभव है.काफी देर तक दोनों के शव बाहर नहीं निकले.इसके बाद रामदेही के युवक कुएं में कूदे और शव को बाहर निकाला.महिला की शिनाख्त के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए. मृतका की दादी सिया रानी ने बताया कि उसकी नातिन रात से लापता थी और वह अपने भाई की 13वीं में शामिल होने के लिए तेंदूखेड़ा आई थी. घटना के बारे में उन्हें भी पता नहीं है वह रात से लापता थी और सुबह उसका और नाती का शव मिला है.महिला बीमार रहती थी शुक्रवार को परिजन उसे तेजगढ़ के पास फूलन देवी नामक स्थान पर इलाज कराने के लिए भी ले गए थे. इस सम्भन्ध मे मृतकी के भाई बरुण केवट ने बताया की बहन कों ऑटो से फूलन देवी झाड फुक्र कराने ले गए थे शामको 7 बजे वापिस आये थे. रविवार कों फिर से जाना था हम लोग रात्रि करीब 12 बजे जागते रहे उसको बाद सो जुकी दो तीन दिन हम लोग सो नहीं थे,जयंती पति ने बताया मे दो बजे तक जग रहा था उसके बाद सो गया.जब मेरी नींद करीब 4 बजे खुली तों जयंती गयब थी मेने अपने शाले



मां बेटे के जीवित अवस्था के चित्र

कों बताया ओर उसे धुड़ने निकलने वाह नहीं मिली मेरी मा सुक्रवार कों भोपाल गई थी. इसलिये घर मे हम पत्नी शाला बरुण और बेटा दीपेंश घर पे था. सुबह 7 बजे मुझे जयंती और बच्चा की सरकारी कुआं में मृतक की शव मिलने की जानकारी लगाने पर हम लोग कुआं पर पहुंचे मृतका ने 3 बजे बाद ही कुआं में कूदी होंगी. चूकि दो बजे तक मे जग रहा था शनिवार सुबह महिला लापता हो गई. इसके बाद घर के लोग खोजबीन करते रहे जयंती का शव नगर पंचायत के कुएं में मिला है. तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि घटना का कारण अज्ञात है.परिजनों के भी बयान लिए जा रहे हैं उन्हें भी घटना के बारे में कुछ जानकारी नहीं है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में जांच शुरू कर दी गई है.

**कोई स्पष्ट कारण निकलकर सामने नहीं आया**

तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया की एक महिला और उसके बेटे का शव कुएं में मिला है. महिला की पहचान जयंती केवट के रूप में हुई है. परिजनों का कहना है कि कहना है महिला रात में घर पर थी, सुबह लापता हुई और खोजबीन के बाद उसका शव कुएं में मिला है.शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.जांच के बाद ही घटना का सही कारण पता चलेगा. एसडीओपी ने बताया कि परिजनों ने यह भी बताया है कि महिला बीमार रहती थी, जिसका इलाज जबलपुर में चल रहा था.झाड़ फूंक भी उन्होंने कराई है, लेकिन घटना का कोई स्पष्ट कारण निकलकर सामने नहीं आया.जांच के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है.



## सतपारा के श्रद्धालु चारधाम यात्रा से लौटे

**गाँव में बैंड-बाजे और फूल-मालाएं पहनाकर, पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत**

**नवभारत,पथरिया/दमोह.** सतपारा में तीन धाम यात्रा से लौटे तीर्थयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। शिव मंदिर पर बैंड-बाजे पर बज रहे धार्मिक गीतों के साथ उनका सम्मान किया। तीर्थयात्रा से लौटे पंडित शंकर विशाल दुबे,श्रीमती प्रेमबाई दुबे,सुखलाल साहू,सोवत सिंह लोधी सहित सभी पुरुष व महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर, पुष्प वर्षा कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। सतपारा से लगभग एक दर्जन लोगों का जत्था स्लीपर बस से चार धाम यात्रा के लिए रवाना हुआ था। ये तीर्थयात्री 21/12/2025 को प्रस्थान कर 24/01/2026 जनवरी को वापस लौटे। तीन धाम व 11 ज्योतिर्लिंग यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने यात्रा से पुण्यलाभ लेकर आये-सोमनाथ भगवान, सौराष्ट्र, गुजरात मल्लिका र्जुन भगवान, आंध्रप्रदेश महाकालेश्वर भगवान, उज्जैन, मध्यप्रदेश कालवार व अमलावर भगवान घुश्मेश्वर भगवान वैद्यनाथ भगवान,देवघर,झारखंड जयम्ब केश्वर भगवान, नासिक, महाराष्ट्र भीमाशंकर भगवान, पुणे,महाराष्ट्र काशी विश्वनाथ भगवान, वाराणसी, उत्तरप्रदेश नागेश्वर भगवान, हारकापुरम, तमिलनाडु रामेश्वर भगवान, रामेश्वरम, तमिलनाडु गाव में प्रवेश करने पर भी तीर्थ यात्रियों को जगह-जगह फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

## देश की आजादी की वर्षगाठ पर अलंकरण समारोह



**सैकड़ों वितरित हुए मेडल**

**नवभारत,दमोह.** भारत सरकार (गृह विभाग) द्वारा देश की आजादी के 75 वीं वर्षगाठ पर मध्य प्रदेश पुलिस के समस्त पुलिस को मैडल उपलब्ध कराये गये है. उपरोक्त मैडल का वितरण जिले के पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के द्वारा 24 जनवरी 2026 को कुछ थाना प्रभारियों व दमोह शहर के पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को मैडल उपलब्ध कराये गये है व जिले के शेष पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को 26 जनवरी के पूर्व उपलब्ध करा दिये जायेगें. इस अवसर पर सीएसपी एचआर पांडे, एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन, एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर,टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई देहात रचना मिश्रा के अलावा और भी जिले के थाना प्रभारी,चौकी प्रभारी पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को मेडल वितरित किए गए.

## 27 से संस्कार भवन में आयोजित होगी श्रीमद् भागवत कथा

**नवभारत,दमोह.**शहर के असाटी वार्ड-1 स्थित संस्कार भवन में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक कथा का आयोजन 27 जनवरी 2026 से 3 फरवरी 2026 तक किया जाएगा.यह आयोजन असाटी समाज दमोह के 26वें वार्षिक उत्सव के अवसर पर श्री बांके बिहारी व राधा रानी की कृपा से किया जा रहा है. कथा संयोजक शैलेंद्र असाटी व सह-संयोजक महेश, विवेक अप्सरा, रूपेंद्र, सुषमा व मधु असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा का वाचन श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्रद्धेय नीरज नयन जी महाराज के श्रीमुख से होगा.



मारवाड़ी मंदिर पुराना थाना



शहर दमोह पुरैना तालाब।



शहर शिवाजी स्कूल

## जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत पौड़ी मानगढ़ का किया निरीक्षण

**व्यवस्थाओं की सराहना की**

**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.जबेरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पौड़ी मानगढ़ में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे द्वारा ग्राम पंचायत भवन एवं ग्राम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।** निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत भवन की कार्यप्रणाली, साफसफाई, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन व ग्राम में चल रही गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के समय ग्राम पंचायत प्रांगण में विकसित की गई फूलों की वाटिका को देखकर सीईओ ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे ग्राम की सुंदरता व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। इसके साथ ही पंचायत भवन के भीतर की स्वच्छता, सुव्यवस्थित अभिलेख व अनुशासित वातावरण की भी उन्होंने प्रशंसा की।जिला सीईओ ने ग्राम पंचायत के सरपंच मनोज राय की कार्यशैली की खुले मंच से तारीफ करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत पौड़ी मानगढ़ में जनसहभागिता के साथ किए जा रहे विकास कार्य अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादायक हैं। विशेष रूप से ग्राम में शिक्षा व्यवस्था में पंचायत की सक्रिय सहभागिता, स्कूलों के प्रति जागरूकता व बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किया जायेगा।




## माँ नर्मदा की आरती व दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

**नर्मदा मैया को 121 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की गई**

**नवभारत,दमोह।** श्री नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव का आयोजन 19 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक पुराना थाना स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मठ प्रांगण में किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के पावन अवसर समिति द्वारा माँ सरस्वती की स्थापना व पूजन-अर्चन किया गया। रात्रि में माँ नर्मदा की आरती के साथ माँ सरस्वती की आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। समिति सदस्य राजेन्द्र चौरसिया ने बताया कि 24 जनवरी 2026 को दोपहर 3 बजे स्थानीय भजन मंडली द्वारा श्री सुंदरकाण्ड पाठ किया गया। शाम 6 बजे समिति द्वारा माँ नर्मदा की विशाल चुनरी यात्रा निकाली जायेगी जो श्री नर्मदेश्वर महादेव मठ से प्रारंभ होकर शिवाजी स्कूल, कीर्ति स्तंभ, अस्पताल चौराहा, घंटाघर, बकौली चौक, टॉकीज चौराहा से होते हुये श्री नर्मदेश्वर महादेव मठ पहुँची जहाँ पर पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर माँ नर्मदा को 121मीटर की चुनरी अर्पित की गई।



श्री नर्मदश्वर महादेव सेवा समिति ने समस्त नगरवासियों व धर्मप्रेमी बंधुओं से माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव में आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

### एक नजर में

## चौथे दिन मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्म

नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह. सिंग्रामपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत पुराण कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया .जैसे ही कथावाचक पंडित नितिन देव जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य कथा का वर्णन किया, पूरा कथा स्थल भक्तिरस में डूब गया .कथावाचक पंडित नितिन देव जी महाराज ने श्रद्धालुओं को बताया कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मथुरा की कारागार में अत्याचारी कंस के अत्याचारों से धरती को मुक्त कराने हेतु भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण रूप में अवतार लिया .भगवान ने वासुदेव और देवकी के समक्ष अपने चतुर्भुज स्वरूप के दर्शन कराए और फिर बालक कृष्ण के रूप में अवतरित हुए .



## गुमशुदा को किया दस्तयाब



नवभारत,दमोह .वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में व थाना प्रभारी हिंडोरिया धर्मेंद्र उपाध्याय के मार्ग दर्शन में थाना के गुम इंसान क्रमांक 35/2025 को दस्तयाब किया गया है .गुम इंसान क्रं .35/25 की गुमशुदा को दस्तयाब प्र.आर.101 मयूर बडगैया ने किया .



## मीसाबंदी गजाधर चौरसिया का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया अंतिम संस्कार

नवभारत,दमोह. हिंडोरिया के मुख्य बाजार क्षेत्र वार्ड नंबर 11 में रहने वाले मीसाबंदी लोकतंत्र सैनानी 90 वर्षीय गजाधर प्रसाद चौरसिया का निधन रात्रि में हो गया था, उन के निधन पर पुलिस प्रशासन ने राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी. लंबे समय से आश्वस्त होने के कारण उन का निधन हो गया. सूचना मिलने पर शासन के निर्देश पर प्रशासन पुलिस ने सार्वजनिक मुक्ति धाम पहुंच कर राजकीय सम्मान गार्ड ऑफऑनर के साथ सलामी दे कर उन के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेट कर अंतिम विदाई दी .मीसा बंदी के बड़े पुत्र शिवकुमार चौरसिया,कमलेश चौरसिया, भरत चौरसिया आदि के दौरान उनका दाह संस्कार किया गया .इस दौरान तहसीलदार प्रीतम सिंह, लाइन ऑफिसर दिनेश गोस्वामी,टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, सहित पुलिस जवान और बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे .

## ग्राम चीलघाट में मनाया गया आनंद उत्सव




**कुम्हारी नवभारत 24 जनवरी।** ग्राम पंचायत कुम्हारी के ग्राम चीलघाट में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत सदस्य साहिल सिंह लोधी, जनपद सदस्य, सरपंच सचिव और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल ने सड़क मार्ग को लेकर ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने सड़क को मुख्य समस्या बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से किया गया। इस दौरान विभिन्न समुदायों के लोगों ने बुदेली भजन, कीर्तन सहित धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दीं। आनंद उत्सव का आयोजन पंचायतों में करने का उद्देश्य ग्रामीणों में उमंग और उत्साह जागृत करना है ताकि आत्मीयता बढ़े और लोग तनाव मुक्त रहे। राकेश पांडे ने आभार व्यक्त किया।



## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दमोह में ऑपरेशन सिंदूर पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**नवभारत,दमोह।** परीक्षा पे चर्चा-2026 के अंतर्गत23 जनवरी 2026 (पराक्रम दिवस)के अवसर परपीएम श्री केंद्रीय विद्यालय,दमोह में 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय परजिला स्तरीय 'प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के पीएम श्री विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालय, सीबीएसई से संबद्ध तथा राज्य बोर्ड के विद्यालयों के विद्यालय स्तर पर चयनित 100 विद्यार्थियोंने सहभागिता की। इनमें 50 विद्यार्थी माध्यमिकस्तर तथा 50 उच्चतर स्तरके थे ।पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, दमोह के प्राचार्य धर्मेन्द्र सिंहने विद्यार्थियों तथा उनके साथ आये शिक्षकों का स्वागत करते हुए, उन्हें प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएँ दीं। प्रतियोगिता प्रातः 11:20 बजे से 12बजेतक संपन्न हुई द्यप्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थानप्राप्त करने वाले विद्यार्थियों कोमाननीय प्राचार्य द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों कोभागीदारी प्रमाण-पत्र व एनसीईआरटी द्वारा विकसित 'स्वदेशी' पुस्तिकाएँ प्रदान की गईं। माध्यमिक स्तर पर दिव्या रोहित, आर्य राय, विनायक नायक, साक्षी परिहार,समृद्धि राय ने बाजी मारी तथा उच्च स्तर पर आस्था तिवारी और स्नेहा ठाकुर ने बाजी मारी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों मेंराष्ट्रीय चेतना,अनुशासन व सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान की भावनाको सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

## बसंत पंचमी पर बंसौली में लगा मेला



**नवभारत, पथरिया 24 जनवरी।** बसंत पंचमी का त्योहार शरद ऋतु का समापन और बसंत ऋतु के आगमन के आरम्भ के परिवर्तनकाल का सूचक है और उक्त पावन अवसर पर विभिन्न जगहों पर मेले भी लगते है। पथरिया से करीब पाँच किलोमीटर दूर ग्राम बंसौली में भोलेनाथ का मंदिर है ,जहाँ बसंत पंचमी के पावन पर्व पर प्रतिवर्ष तीन दिवसीय मेला लगता है, उक्त मेला परंपरागत व क्षेत्र का एकलौता मेला है एवं मेला समिति द्वारा मेले के साथ - साथ प्रतिवर्ष तीन दिवसीय संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के साथ आयोजन करवाया जाता है। कार्यक्रमानुसार या आमजन की माँगानुसार मेला चार से पाँच दिवसीय भी हो जाता है वैसे मेला शुक्रवार से शुरू हुआ एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से प्रारंभ हुआ और सोमवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता फाइनल के साथ साथ मेले का भी समापन हो जाएगा।

सलाम

अगर किसी की मदद करना है तो बिना किसी संकोच के उसकी मदद की जाए

# उखड़ती सांसों को संजीवनी देने का जज्बा

**नवभारत,बटियागढ़/दमोह.पुलस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा अगर किसी की मदद करना है तो बिना किसी संकोच के उसकी मदद की जाए.ऐसा ही यह वाक्या बटियागढ़ कस्बा में आया, जिसमें सरपंच प्रतिनिधि करन पटेल उर्फकुन्नू भैया द्वारा बटियागढ़ थाना उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे को फोन पर जानकारी दी गई कि एक व्यक्ति स्वयं के घर के दरवाजे बंद करके कमरे में लगे पंखे से फांसी लगा रहा है.**



तो एसआई एसके दुबे तत्काल मौके पर पहुंचे और सरपंच प्रतिनिधि से पूछने पर पता चला कि एक परिवार है, जिसमें यह घटना हो रही थी. तभी एक व्यक्ति ने कहा कि यह मेरा परिवार है, वहीं एक महिला ने कहा कि यह मेरे पति फांसी लगा रहे हैं. तब मैंने सरपंच प्रतिनिधि से कहा कि कुछ लोगों को बुलवाकर जल्दी से दरवाजा तुड़वा दीजिए, तभी घर में प्रवेश कर पायेंगे और हम उस व्यक्ति की जान बचा पायेंगे.फिर तत्काल कुछ लोगों द्वारा दरवाजा तुड़वाया गया और अंदर जैसे ही प्रवेश किया गया.वह व्यक्ति पंखे पर झूल ही गया था. तभी सरपंच प्रतिनिधि करन पटेल ने उस व्यक्ति को अपने कंधे पर बैठा लिया.एक व्यक्ति द्वारा फंदे से उसका वायर कट कर नीचे उतार लिया गया.जिससे आज एक जान बचाई जा सकी सरपंच प्रतिनिधि कुन्नू पटेल ने उपनिरीक्षक दुबे से पूछा कि आपने वीडियो नहीं बनाया तो मैंने कहा कि अगर वीडियो बनाते तब तक उसकी जान निकल जाती.

> इस घटना से एस आई दुबे ने कहा कि, श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह का कहना है कि अगर आपका अपराध करने का कोई उद्देश्य नहीं है, तो आपके द्वारा किया जाने वाला कार्य अपवाद है. घटना को कारित करने वाले व्यक्ति की पुत्री विवाह योग्य होने के कारण उनकी पहचान छुपना अनिवार्य था.



## छात्र-छात्राओं को कराई गई सिंगौरगढ़ किला तालाब व दानीताल तालाब की सैर

**नवभारत,सिग्रामपुर/दमोह.**जिले के सिंग्रामपुर स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत शुक्रवार व शनिवार को 'अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया.शुक्रवार को कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को ऐतिहासिक सिंगौरगढ़ किला व तालाब उसके सहित आसपास के प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया व शनिवार को दानी ताल तालाब के आस पास के प्राकृतिक स्थल का भ्रमण कराया गया.इस दौरान विद्यार्थियों को वन संपदा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं.औषधीय पौधों,कीमती लकड़ियों, जंगली जीव-जंतुओं, जैव विविधता व पर्यावरण संतुलन के महत्व पर विस्तार से जानकारी साझा की गई. छात्र-छात्राओं ने भी जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछकर अपनी रुचि और उत्साह का परिचय दिया. कार्यक्रम में सिंगरामपुर हायर सेकेंडरी स्कूल व उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा के प्रतिभागी विद्यार्थियों को सिंगौरगढ़ रेंजर एजाज कुरैशी ने वन व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया एवं वन संरक्षण का बताया गया।